दिनांक 14.07.2024 समय 18.30

- एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत देशभर में किया जा रहा है पौधारोपण – केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इंदौर में की अभियान की शुरूआत।
- प्रदेश में बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलों के प्रभारी मंत्री और सचिव रहे दौरे पर।
- नीति आयोग ने ई–फास्ट इंडिया पहल के तहत 'नीति गियर शिफ्ट चैलेंज' शुरू करने की घोषणा की।
- प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर जारी– अगले 4–5 दिन दक्षिण और पूर्वी राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने का पुर्वानुमान।

000

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज मध्य प्रदेश के इंदौर में **एक पेड मां के नाम** अभियान की शुरूआत की। इंदौर एक दिन में 11 लाख पेड़ लगाने का विश्व रिकार्ड बना रहा है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक नारा दिया था और लोगों ने इसे अपील के रूप में लिया। उन्होंने कहा कि इंदौर स्वच्छ शहर के साथ–साथ हरित शहर भी बन रहा है। उन्हों्ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भावी पीढियों को स्वच्छ पर्यावरण देने का आह्वान किया है, इसलिए 2025 तक देशभर में पैट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का फैसला किया गया है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने जलवायु परिवर्तन कोष की भी शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश में पहली बार पर्यावरण विभाग की शुरुआत गुजरात में की थी। गृह मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के फेफडे हैं। यहां 31 प्रतिशत वन क्षेत्र है जो देश का 12 प्रतिशत है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश पयर्टन क्षेत्र में नए मानक गढ रहा है। प्रदेश में भी एक पेड मां के नाम अभियान के तहत बडे पैमाने पर पौधा रोपण किया जा रहा है। इसी कडी में आज चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बीकानेर के गंगा थियेटर के पास स्थित पार्क में पौधा रोपण किया। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अभियान के तहत जोधपुर के उम्मेद उद्यान में पौध लगाया। झालावाड जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधा लगाया। इसी कड़ी में चूरू में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, डीग में प्रभारी मंत्री सुरेश रावत ने जिला अधिकारियों की बैठक ली। वहीं विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री और सचिव दौरे पर रहे।

000

राज्य की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने और उनके क्रियान्वयन के लिए जिलों के प्रभारी मंत्री और सचिव आज भी प्रभार वाले जिलों के दौरे पर हैं। इस कड़ी में पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने जोधपुर में कार्यक्रम में भाग लिया। झालावाड़ के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली। इसी तरह भीलवाड़ा की प्रभारी मंत्री मंजू बाघमार भी आज जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। पाली के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि बजट में जो घोषणाएं की गई थी उनकी शीघ्र कियान्विति की जाएगी।

............................

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने राजसमंद के जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राजसमंद के विकास के लिए बजट में बहुत सारी घोषणाएं की गई हैं वो जल्द ही धरातल पर नजर आएगी। राजधानी जयपुर में प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली और जनता से जुड़े मामलों को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिये। श्री पटेल ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार का बजट प्रदेश को

विकास के पथ पर अग्रसर करने वाला है। उन्होंने बजट में जयपुर जिले को मिली सौगातों का जिक्र करते हुए कहा कि बजट में आधारभूत संरचना और शहरी विकास के लिए कई प्रावधान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर में दिल्ली के भारत मण्डपम की तर्ज पर राजस्थान मण्डपम बनाया जाएगा। केकडी के जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक शत्रुघन गौतम ने राज्य के बजट की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। करौली जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम नें स्थानयी खेल संकुल में पौधा रोपण किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से वर्षा के मौसम में प्रति व्यक्ति एक पेड़ लगाने की अपील की। टोंक के प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने जिला परिषद् सभागार में बजट घोषणाओं के कियान्वयन को लेकर जिला अधिकारियों की बैठक ली। वहीं बीकानेर के प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्टि कोलायत क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय गौशाला का निरीक्षण किया और पौधा रोपण भी किया।

000

नीति आयोग ने ई–फास्ट इंडिया पहल के तहत **'नीति गियर शिफ्ट चैलेंज'** शुरू करने की घोषणा की है। इस हैकथॉन का उद्देश्य देश की आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करते हुए भारत में कार्बन उत्सर्जन रहित ट्रक वाहनों के संचालन के लिए नवीन व्यवसाय मॉडल को बढ़ावा देना है। नीति आयोग ने इलेक्ट्रिक ट्रकों के संचालन में वित्तीय, तकनीकी और परिचालन चुनौतियों का समाधान करने वाले नवीन व्यवसाय मॉडल विकसित करने के लिए छात्रों, परिवहन सेवा पेशेवरों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को भी आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में ई–फ़ास्ट इंडिया के जाने–माने लोग, वित्तीय संस्थानों और उद्योग मंच के प्रतिनिधि शामिल होंगे। 'नीति गियरशिफ्ट चैलेंज' का आयोजन आईआईएम बैंगलोर, स्मार्ट फ्रेट सेंटर इंडिया, डब्ल्यूआरआई इंडिया और अन्य संस्थानों के सहयोग से किया जा रहा है। नीति आयोग ने कहा कि हैकथॉन दो राउंड में होगा और गियर शिफ्ट चैलेंज भारत में टिकाऊ माल परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रूस के मॉस्को में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विदेश में रहने वाले भारतीय मूल के लोग भारत के विकास और आधुनिकीकरण में अभिन्न् सहयोगी हैं। उन्होंने भारत के निर्माण में भारतीय मूल के लोगों के अमूल्य् योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के लोग दूत के रूप में अपने कार्य, योगदान और उपलब्धियों से भारत की छवि को आकार दे रहे हैं। श्री बिरला ने रूस में अपनी मातृभूमि की प्रगति को सक्रियता से बढावा देने और दोनों देशों के बीच संबंधों को सशक्त बनाने के लिए भारतीय मूल के लोगों को प्रोत्साहित किया। भारत–रूस संबंधों को लेकर श्री बिरला ने कहा कि आपसी विश्वास और सम्मान इसका आधार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने कठिन समय में एक–दूसरे का लगातार सहयोग किया है। श्री बिरला रूस में शुक्रवार को सम्पन्न हुए दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच पर भारत के संसदीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे थे।

000

प्रदेश में अलग–अलग हादसों में 4 लोगों की मृत्यु हो गई और 9 व्यक्ति घायल हो गये। जैसलमेर में देवा गांव के पास आज सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मृत्यु हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ये हादसा गाड़ी के पलटने से हुआ। ये लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। घायलों का जवाहर अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, पाली में गोरमघाट पर्यटन स्थल पर रेलवे पुल पर सेल्फी ले रहे एक दम्पत्ती ने ट्रेन के आने पर हड़बड़ाहट में खाई में छलांग लगा दी। इस हादसे में पति–पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देखते हुए जिला प्रशासन ने गोरमघाट जाने वाले पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी कर पहाड़ी और रेलवे ट्रेक पर फोटोग्राफी नहीं करने की हिदायत दी है। वहीं भरतपुर में नदबई कुम्हेर मार्ग पर एक कार को बचाने के प्रयास में जीप पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जीप में सवार ये लोग दौसा जिले के रहने

वाले हैं और गोवर्धन जी की परिक्रमा देने जा रहे थे। वहीं करौली में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं जयपुर, झालावाड़ और भरतपुर जिले में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 87 मिलीमीटर बारिश झालावाड़ के गंगधार में रिकॉर्ड हुई। दूदू के मौजमाबाद में 86 मिलीमीटर और डीग में 66 मिलीमीटर पानी बरसा। जोधपुर के ओसियां में भी 36 मिलीमीटर बरसात हुई। इस बीच, टोंक में आज सुबह हुई तेज़ बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

..................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में अगले 4–5 दिन मानसून के सक्रिय रहने की सम्भावना है। इसके प्रभाव से दक्षिणी और पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की सम्भावना है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियों में अगले 4–5 दिन बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

000